शिक्षक सन्दर्शिका

बिगिनर और प्राइमरी

# समर बाइबल स्कूल– 2018

# छिपी हुई चीज़ें

राज्य के दृष्टान्तों पर बच्चों के लिए एक सुसमाचार सम्बन्धी अध्ययन

द्वारा

सैल्ली माइकल

# *Acknowledgements*

I have had the privilege of receiving the assistance of many people on this project who share with me a vision to spread a passion for the supremacy of God in all things for the joy of all peoples.

| | |
|---|---|
| Brian Eaton | curriculum review |
| Rachel Golias | photography & resource development |
| Karen Hieb | project management |
| Nicole Dunn Manuel | graphic design & illustration |
| Jill Nelson | curriculum review |
| Suzy Plocher | cross referencing |
| Gary Steward | theological editing |

Thank you as well to Mary Rhoads, Dawn Smith, and Becky Emerick for their suggestions for revision after piloting this curriculum at College Park Church of Indianpolis, Indiana.

Our vision at Truth78 is that the next generations know, honor, and treasure God, setting their hope in Christ alone, so that they will live as faithful disciples for the glory of God.

Our mission is to nurture the faith of the next generations by equipping the church and home with resources and training that instruct the mind, engage the heart, and influence the will through proclaiming the whole counsel of God.

We equip churches and parents by producing curriculum for Sunday School, Midweek Bible, Intergenerational, Youth, and Backyard Bible Club settings; vision-casting and training resources (many available free on our website) for both the church and the home; materials and training to help parents in their role in discipling children; and the Fighter Verses Bible memory program to encourage the lifelong practice and love of Bible memory.

Truth78
Toll-Free: 1-877-400-1414
info@Truth78.org
www.Truth78.org

Copyright © 1998, 2000, 2018 by Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78. All rights reserved.
Unless otherwise marked, Scripture is taken from The Holy Bible, English Standard Version, copyright © 2001-2015 by Crossway Bibles, a division of Good News Publishers. Used by permission. All rights reserved.


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# Dedication

***Dedicated to my mother,***
***Lucile Fregeau,***
***who first helped me to see***
***the HIDDEN THINGS***
***of the Kingdom of God.***

# विषय सूची

## पाठ


.1 .छिपा हुआ ख़जाना.......... 1

2.वे हृदय जो राज्य को संजो कर रखते हैं ..........5.

3.राज्य का उत्सव मनाना..........9

4.य की छँटाई ..........13

5.खोए हुओं को खोजना और बचाना..........17


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

## (नौसिकुओं (बिगिनर) की मनोवृति)

| | |
|---|---|
| 1. वे बहुत सक्रिय होते हैं। | 1. इसलिए अपनी कक्षा की गतिविधियों को प्रायः बदलते रहें। |
| 2. उनका ध्यान 5 से 10 मिनट तक ही केन्द्रित रहता है। | 2. इसलिए अपने पाठ को संक्षेप में पढ़ाने का प्रयास करें। |
| 3. उन्हें सर्वदा विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ पसन्द होती हैं। | 3. इसलिए अपनी कक्षा में सिखाने के भिन्न-भिन्न तरीकों का प्रयोग करें। |
| 4. उनका अनेक प्रश्न पूछने का स्वभाव होता है। | 4. इसलिए उनका धैर्यपूर्वक उत्तर देने का प्रयास करें। |
| 5. वे दूसरों के द्वारा बहुत अधिक स्नेह चाहते हैं। | 5. इसलिए बिना पक्षपात के उनसे प्रेम करने का प्रयास करें। |
| 6. वे कक्षा में ध्यान दिए जाने का केन्द्र बनना चाहते हैं। | 6. इसलिए उन्हें यह सिखाने का प्रयास करें कि वे किस प्रकार एक-दूसरे का सहयोग कर सकते हैं। |
| 7. वे बहुत अच्छी तरह से अनुकरण करने वाले होते हैं | 7. इसलिए उन्हें अपने जीवन में यीशु का अनुकरण करना सिखाएँ। |
| 8. वे किसी भी बात पर विश्वास करने के योग्य होते हैं। | 8. इसलिए उन्हें परमेश्वर के वचन के गहन आत्मिक सत्य सिखाने का प्रयास करें। |

## (प्राथमिक (प्राइमेरी) बच्चों की मनोवृति)

| | |
|---|---|
| 1. वे सदा सत्य बोलना पसन्द करते हैं। | 1. उन्हें परमेश्वर के वचन के सत्य सिखाएँ। |
| 2. वे पक्षपात से घृणा करते हैं। | 2. प्रत्येक बच्चे से स्नेह रखने का प्रयास करें। उन्हें पक्षपात न दिखाएँ। |
| 3. वे सर्वदा चाहते हैं कि दूसरे अपने वायदों पर कायम रहें। | 3. ऐसी किसी भी चीज़ का वायदा न करें जिसे आप पूरा न कर सकते हों। |
| 4. उनमें चीज़ों को खोजने का स्वभाव होता है। | 4. वचन के छिपे हुए ख़ज़ानों को खोजने में उनकी सहायता करें। |
| 5. वे दूसरों के द्वारा बहुत अधिक स्नेह किया जाना चाहते हैं। | 5. जितना आपसे हो सके, आप उन से उतना स्नेह करने का प्रयास करें। |
| 6. वे बातों को तुरन्त करना चाहते हैं। | 6. उन्हें सिखाएँ कि उद्धार को उनके जीवन में शीघ्रातिशीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है। |
| 7. वे सर्वदा बातें करना चाहेंगे। | 7. उन्हें प्रभु के लिए गवाह बनना सिखाएँ। |
| 8. वे सामूहिक गतिविधियाँ पसन्द करते हैं। | 8. अपने सण्डे स्कूल में जितनी हो सकें, उतनी सामूहिक गतिविधियाँ करवाने की योजना बनाने का प्रयास करें। |

Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# छिपा हुआ ख़ज़ाना

मुख्य विचार

- कुछ चीज़ें वास्तविक हो सकती हैं परन्तु वे हमारी दृष्टि से छिपी हुई हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि उसका अस्तित्व ही नहीं है।
- एक व्यक्ति की सम्पूर्ण धन-सम्पत्ति से परमेश्वर का राज्य अधिक मूल्यवान है।

कण्ठस्थ करने के लिए पर

यदि मनुष्य सारे जगत को प्राप्त करे, और अपना प्राण खो दे, या उस की हानि उठाए, तो उसे क्या लाभ होगा? –लूका 9:25

पवित्रशास्त्र

1) मत्ती 13:44-46

## पाठ्यक्रम के स्रोत

- नाम के टैग (1, तैयारी देखें)
- समुद्र (1 ?)
- पानी के नीचे (1 ?)
- छिपा हुआ सन्देश (1 ?)
- हिडन मैसेज डीकोडर (1 ?)
- पाठ 1 के लिए विश्वास में एकसाथ बढ़ना (प्रत्येक बच्चे को 1)

## अन्य सामग्री

- बाइबल
- ढक्कन वाला एक डिब्बा, और कोई भी वस्तु जो उस डिब्बे में डाली जा सकती हो
- वैकल्पिकः एक सोडा कैन
- सस्ते प्लास्टिक के जवाहरात का एक ज्यूलरी बॉक्स या थैला (जो अधिकत्तर क्राफ़्ट की दुकानों पर उपलब्ध होता है)
- एक मोती (नकली, परन्तु असली दिखने वाला)

## तैयारी

- सावधानीपूर्वक और प्रार्थना के साथ पवित्रशास्त्र के अंश का अध्ययन करें। परमेश्वर से उसे आपके हृदय में वास्तविक करने के लिए कहें। जो कुछ परमेश्वर आपको इस पाठ में सिखाता है, उसे खुलकर स्वीकार करें। पाठ का अच्छी रीति से अध्ययन करें। आपकी कक्षा के बच्चों के लिए प्रार्थना करें।
- हिडन मैसेज डीकोडर--हिडन मैसेज डीकोडर शीट को टुकड़ों में काट लें, जैसा विज़्यूअल पॉकेट में निर्देशित किया गया है, ताकि सन्देश को प्रकट करने के लिए इसे हिडन मैसेज शीट के ऊपर रखा जा सके।
- नामों के टैग--आप किसी कार्डस्टॉक पर नामों को प्रिंट कर सकते हैं। बच्चे उसे रंगों और प्लास्टिक के जवाहरातों से सजा सकते हैं।

## वैकल्पिक गतिविधियों के लिए सामग्री

1. छिपा हुआ सन्देश
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - सफ़ेद ऑफ़िस पेपर की शीट
   - विधि1ः नींबू का रस, पेन्ट, ब्रश, रूई, पेपर
   - विधि2ः सफ़ेद क्रायोन, पेपर, हाईलाइटर मार्कर्स
2. छिपे हुए ख़ज़ाने को खोजना
   - ख़ज़ाना या मोती
3. मैजिक आई
   - मैजिक आई बुक्स
4. छिपी हुई चीज़ों की शीट
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - क्या आप छिपी हुई चीज़ों की शीट खोज सकते हैं
   - पेन्सिल/पेन
   - क्रायोन्स/मार्कर्स
5. माइक्रोस्कोप
   - माइक्रोस्कोप और वे चीज़ें जो छिपी हुई हैं, जब तक वे दिख न जाएँ
6. ट्रेडिंग गेम
   - बटन्स, पेन्निस, या प्रत्येक बच्चे के लिए एक छोटी कैन्डी, और एक बिग आइटम (जैसे कि एक साईकिल)
7. हिडम मैसेज शीट
   - पेन्सिल/पेन
   - क्रायोन्स/ मार्कर्स
8. कण्ठस्थ करने वाले पद की शीट
   - प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - कण्ठस्थ करने वाले पद की शीट
   - क्रायोन्स/मार्कर्स
9. छिपी हुई चीज़े मोबाइल
   - निर्देशों के लिए परिशिष्ट (अपेंडिक्स) देखें।
10. कण्ठस्थ करने वाले पद की गेम
   - विचारों के लिए परिशिष्ट देखें।

Things Hidden © 2016 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

## बड़े समूह (लार्ज ग्रुप) का पाठ

**निर्देश**

भरी हुई चीज़ों वाला डिब्बा

(भरी हुई चीज़ों वाला डिब्बा दिखाएँ। फिर इस डिब्बे पर ढक्कन रख दें।)

क्या आप किसी चीज़ को देख सकते हैं? क्यों? मात्र इसलिए कि आप इस (चीज़) को देख नहीं सकते, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि यह वहाँ नहीं है, क्या ऐसा है? यह आपकी दृष्टि से छिपी हुई है, परन्तु वह चीज़ अभी भी वहीं है।



(समुद्र का दृश्य दिखाएँ)

यदि आप एक झील या समुद्र को देखें, तो आप वहाँ क्या देखते हैं? झील या समुद्र में अनेक चीज़ें हैं, जो आपकी दृष्टि से छिपी हुई हैं--परन्तु वे वहीं पर हैं।



(पानी के नीचे का दृश्य दिखाएँ।)

(एक समुद्र या झील में छिपी हुई चीज़ों के कुछ उदाहरण दें, जैसे कि मछलियाँ, तल के कीचड़ में बैठे मेढ़क, सूर्य की ओर बढ़ती वनस्पति इत्यादि।)

मात्र इसलिए कि किसी चीज़ को देखा नहीं जा सकता, इसका यह अर्थ नहीं है कि वह वस्तु नहीं है, यदि आप पानी में छलांग लगाएँ, तो आप इन "छिपी हुई चीज़ों" को देख सकते हैं। एक वैज्ञानिक एक नाव के नीचे एक कैमरा लगा सकता है, आप छिपे हुए जलजन्तू देख सकते हैं। वे वहाँ हैं, चाहे आप उन्हें हमेशा देख न सक रहे हों।

आप अपना हृदय देख नहीं सकते--यह आपकी दृष्टि से छिपा हुआ है, परन्तु यह आपके पूरे शरीर खून पहुँचा रहा है। आप अपने फेफड़ों को नहीं देख सकते, परन्तु साँस लेने में वे आपकी सहायता कर रहे हैं।

बाइबल

(एक बाइबल का ऊपर उठाएँ)

- बाइबल लोगों के लिए परमेश्वर का सन्देश है। यह हमें परमेश्वर के बारे में बताती है और बताती है कि क्या सही है और क्या गलत है। यह हमें सिखाती है कि परमेश्वर पर भरोसा कैसे करना है, स्वर्ग कैसे जाना है, और वास्तविक आनन्द कैसे प्राप्त करना है।
- बाइबल छिपे हुए आत्मिक अर्थ वाली कुछ कहानियाँ बताती है। उन्हें दृष्टान्त कहा जाता है। दृष्टान्त परमेश्वर के विषय में एक छिपा हुआ सन्देश रखता है।
- कुछ लोग उन्हें सुनते और विचार करते हैं कि वे मात्र अच्छी कहानियाँ हैं। कुछ लोग छिपे हुए अर्थ को देख सकते हैं, परन्तु यह उनमें कोई बदलाव नहीं लाता।
- अन्य लोग उस छिपे हुए अर्थ--आत्मिक सच्चाई--को देखते और समझते और परमेश्वर और परमेश्वर की चीज़ों से प्रेम करते हैं। उन्हें परमेश्वर की सन्तान, परमेश्वर के लोग या विश्वासी कहा जाता है।

**मत्ती 13:45-46--"फिर स्वर्ग का राज्य एक व्यापारी के समान है जो अच्छे मोतियों की खोज में था। जब उसे एक बहुमूल्य मोती मिला तो उस ने जाकर अपना सब कुछ बेच डाला और उसे मोल ले लिया।"**


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

- एक व्यापारी वह व्यक्ति होता है, जो चीज़ें खरीदता है, और फिर उन्हें उससे अधिक मूल्य में बेचता है, जितने में उसने इन्हें खरीदा था।
- व्यापारियों को यह जानना आवश्यक है कि किसी वस्तु का मूल्य कितना है, ताकि वे किसी चीज़ के लिए बहुत अधिक भुगतान न कर दें--यदि वे किसी चीज़ के लिए बहुत अधिक भुगतान कर देते हैं, तो वे इससे पैसे नहीं कमा पाएँगे।

उदाहरण - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

वैकल्पिकः सोडे की कैन/पॉप

(नीचे दिए गए उदाहरण जैसे एक अच्छे व्यापार का उदाहरण दें। आप एक सोडा कैन/पॉप का प्रयोग करके दिखा सकते हैं। निश्चय कर लें कि आप इस उदाहरण को जल्दी से दें और बाइबल का पाठ पुनः आरम्भ कर दें।)

यदि मैं एक सोडा की कैन को 25 रुपये में एक फैक्ट्री से खरीदता हूँ और इसे 75 रुपये में बेच देता हूँ, तो मैं 50 रुपये कमा लूँगा। यदि मैं ऐसी अनेक कैन्स बेच दूँ, तो मैं अच्छा जीवन जी सकता हूँ।

क्या एक कैन को 80 रुपये में खरीदना एक अच्छा विचार होगा, यदि मैं उसे मात्र 75 रुपये में ही बेच सकता हूँ? क्या होगा? इसके बारे में क्या कहेंगे यदि मैं वह कैन 60 रुपये में खरीदता हूँ? मैं ज्यादा पैसे नहीं कमाऊँगा और जल्दी ही मैं अपना स्टोर तक खो बैठूँगा। अतः एक व्यापारी के लिए चीज़ों का सही मूल्य पता लगाना बहुत ही आवश्यक है।

उदाहरण - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

जवाहरातों से भरा थैला

(जवाहरातों से भरा थैला दिखाएँ)

जवाहरातों से भरा यह थैला एक क्राफ़्ट की दुकान से लाया जा सकता है और यह अधिक मंहगा भी नहीं होता है--इसे खरीदने में आपके बहुत अधिक पैसे नहीं लगेंगे। (यदि आप चाहें तो आप बच्चों को इसकी कीमत भी बता सकते हैं।)

मोती

(मोती को दिखाएँ)

यह एक असली मोती नहीं है। परन्तु यदि यह एक असली मोती होता, तो इसकी कीमत बहुत अधिक होती। आइए यह दिखावा करें कि यह एक असली मोती है।

जवाहरातों का थैला

(जवाहरातों का थैला दिखाएँ)

यदि आपके पास जवाहरात होते, क्या आप एक जवाहरात को मोती से बदलना चाहते? दो जवाहरातों के बारे में आप क्या कहेंगे? क्यों? क्या आप मोती के लिए जवाहरातों से भरे थैले का व्यापार करेंगे--हर एक जवाहरात? क्यों?

निष्कर्ष - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

प्रिय बच्चो मोती बहुत कीमती होता है। कोई भी व्यक्ति जो एक मोती खरीदना चाहता है, वह अपनी समस्त धन-सम्पत्ति बेच सकता और एक मोती खरीद सकता है। प्रभु यीशु मसीह द्वारा सिखाए गए परमेश्वर के राज्य के बारे में यही वह सत्य है। क्या आप यीशु को अपने व्यक्गित उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण करोगे, जिससे आप परमेश्वर के राज्य के एक मोती बन जाओ।

वर्कबुक का समयः अपने बच्चों को अपनी वर्कबुक में इस शीर्षक वाले पेज “क्या आप छिपी हुई चीज़ें खोज सकते हैं?” में रंग भरने में सहायता करें।

समाप्ति की एक प्रार्थना अवश्य करें।

Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# क्या आप छिपी हुई चीज़ें खोज सकते हैं?



नीचे दी गई की सूची की चीज़ों में रंग भरें, जब आप उन्हें इस चित्र में छिपा हुआ खोज लेते हैं:

• मेमना • लाठी • झाड़ू • सिक्का • कीमती मोती • मछली • माला • अंगूठी • मैग्निफाइंग ग्लास

• पक्षी • संदूक • जवाहरात • डोरीवाला थैला • बेलचा • फ्लैशलाइट

याद रखें स्वर्ग का राज्य एक ख़ज़ाने या एक कीमती मोती जैसा है। यह बहुत कीमती होता है और इसे खोजना बहूमूल्य होता है।



Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# वे हृदय जो राज्य को संजो कर रखते हैं

## मुख्य विचार

- कोई व्यक्ति परमेश्वर के वचन को किस प्रकार स्वीकार करता है, यह उस व्यक्ति के हृदय की स्थिति पर निर्भर करता है।

## कण्ठस्थ करने के लिए पर

क्योंकि धार्मिकता के लिये मन से विश्वास किया जाता है...

–रोमियों 10:10अ

## पवित्रशास्त्र

1) लूका 8:4–15

## पाठ्यक्रम के स्रोत

- बीज बोने वाले का दृष्टान्त 1–5
- पज़्ज़ल के पीसिस 1–5 (देखें तैयारी)
- पाठ 2 के लिए विश्वास में एकसाथ बढ़ना (प्रत्येक बच्चे के लिए एक)

## अन्य सामग्री

- बाइबल
- बीज
- खाली डिब्बा (टिन, कैन, कप, पोट)
- कागज़ का टुकड़ा
- कोई मेज़ का पुराना कपड़ा (भूमि को दर्शाने के लिए कारपेट या कम्बल इत्यादि)
- कुछ पत्थर के टुकड़े
- वैकल्पिकः कांटेदार झाड़ियों की टहनियाँ
- वैकल्पिकः कूकी शीट
- दरवाज़े का हत्था (डोरनोब) या मेज़ की एक टांग
- एक सनक को दिखाने वाली चीज़ें, जो अब प्रसिद्ध नहीं हैं

## वैकल्पिक गतिविधियों के लिए सामग्री

1. भूमि का परीक्षण
   - पानी भरी हुई वाटरकैन

   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - बीज
   - मिट्टी वाले डिब्बे, कांटों वाली भूमि, और अच्छी भूमि
2. बीज बोने वाले के दृष्टान्त की शीटें

   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - बीज बोने वाले के दृष्टान्त की शीट
   - दृष्टान्त के अर्थ की शीट
3. बीज बोने वाले के दृष्टान्त की गेम
   - बीज बोने वाले के दृष्टान्त की गेम की स्लिप्स (बच्चों की संख्या से अधिक)
   - डिब्बा (एक टोकरी, थैला, टोपी)
4. बीज बोने वाले के दृष्टान्त का नाटक
   - किसी सामग्री की आवश्यकता नहीं।
5. बीज बोने वाले के दृष्टान्त की रिले रेस
   - आरम्भ और समाप्त होने की स्पष्टता से खींची गई लाइनें
6. कण्ठस्थ करने के लिए पद

   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - कण्ठस्थ करने के पद की शीट
   - क्रायोन्स/मार्कर्स
7. छिपी हुई चीज़ें मोबाइल
   - निर्देशों के लिए परिशिष्ट देखें
8. कण्ठस्थ करने के पद की गेम
   - विचारों के लिए परिशिष्ट देखें।

## तैयारी

- सावधानीपूर्वक और प्रार्थना के साथ पवित्रशास्त्र के अंश का अध्ययन करें। परमेश्वर से उसे आपके हृदय में वास्तविक करने के लिए कहें। जो कुछ परमेश्वर आपको इस पाठ में सिखाता है, उसे खुलकर स्वीकार करें। पाठ का अच्छी रीति से अध्ययन करें। आपकी कक्षा के बच्चों के लिए प्रार्थना करें।
- मेज़ के कपड़े को भूमि को दर्शाने के लिए फर्श पर बिछा दें और पत्थरों का ढेर लगा दें और उसके साथ कांटेदार टहनियाँ लगा दें। (यदि आप कहीं बाहर पढ़ा रहे हैं, तो आप किसी पगडण्डी को भी मार्ग के रूप में प्रयोग कर सकते हैं।)
- पज़्ज़ल पीसिस––1–5 पज़्ज़ल पीसिस को कार्डस्टॉक पर प्रिण्ट कर लें और उन्हें काटने से पहले लैमिनेट अवश्य कर लें। यदि आपके पास वर्टिकल सामग्री उपलब्ध है, तो प्रत्येक पीस के पीछे एक चुम्बक लगा दें।

Things Hidden © 2016 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

## बड़े समूह (लार्ज ग्रुप) का पाठ

### समीक्षा

परमेश्वर का राज्य एक ख़जाना है। यह जो कुछ भी हमारे पास है उससे अधिक कीमती है।

### परिचय

बीज, बिना मिट्टी या पानी वाला डिब्बा, कागज़ का टुकड़ा

(बिना मिट्टी या पानी वाले डिब्बे में बीज रख दें। बच्चों से पूछें कि क्या वे बीज बढ़ेंगे। बीजों को कागज़ के टुकड़े पर रख दें और बच्चों से पूछें कि क्या वे बीज बढ़ेंगे। आप अन्य उदाहरणों का प्रयोग भी कर सकते हैं।)

इन बीजों को बढ़ने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता है? (भूमि, पानी, सूर्य)। यदि इन बीजों को भूमि, पानी और सूर्य दिया गया होता, तो क्या तब ये बढ़ते? तो समस्या बीजों के साथ नहीं है। समस्या वहाँ है जहाँ इन बीजों को रखा गया था--खाली डिब्बा और कागज़ वह स्थान थे जहाँ बीज "बोए" गए थे। खाली डिब्बा और कागज़ बीजों के बढ़ने के लिए अच्छे स्थान नहीं थे।

(विभिन्न प्रकार की भूमि में बोए गए बीजों के उदाहरण के द्वारा बच्चों का परिचय "बीज बोने वाले के दृष्टान्त" से करवाएँ)

(यदि उपयुक्त हो तो, तो बाइबल में लूका 8:5-8 खोजने के लिए सोर्ड ड्रिल का प्रयोग करें--परिशिष्ट में सोर्ड ड्रिल के लिए दिए गए निर्देश देखें। दृष्टान्त को पढ़ें और चार अन्य लोगों को एक-एक पद पढ़ने के लिए कहें।)



(बीज बोने वाले के दृष्टान्त के दृश्य 1 को दिखाएँ।)

**लूका 8:5--"एक बोने वाला बीज बोने निकलाः बोते हुए कुछ मार्ग के किनारे गिरा, और रौंदा गया, और आकाश के पक्षियों ने उसे चुग लिया।"**



(बीज बोने वाले के दृष्टान्त के दृश्य 2 को दिखाएँ।)

**लूका 8:6--"और कुछ चट्टान पर गिरा, और उपजा, परन्तु तरी न मिलने से सूख गया।"**



(बीज बोने वाले के दृष्टान्त के दृश्य 3 को दिखाएँ।)

**लूका 8:7--"कुछ झाड़ियों के बीच में गिरा, और झाड़ियों ने साथ साथ बढ़कर उसे दबा लिया।"**



(बीज बोने वाले के दृष्टान्त के दृश्य 4 को दिखाएँ।)

**लूका 8:8--"और कुछ अच्छी भूमि पर गिरा, और उगकर सौ गुणा फल लायाः यह कहकर उस ने ऊंचे शब्द से कहा; जिस के सुनने के कान हों वह सुन लें।"**



(बीज बोने वाले के दृष्टान्त के दृश्य 5 को दिखाएँ।)


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

❓ बीज क्या है ? (परमेश्वर का वचन) परमेश्वर का वचन यीशु की कहानी है। इस कहानी में बीज आत्मिक चीज़ें हैं। ऐसा तब होता है जब कोई आपको परमेश्वर के विषय में बताता है, या जब आप बाइबल पढ़ते हैं या बाइबल से एक कहानी को सुनते हैं। (लूका 8:11)

❓ बीज के बढ़ने के लिए क्या एक मार्ग एक अच्छा स्थान है ? (नहीं) क्यों नहीं ? (मार्गों को कठोर सीमेंट से बनाया जाता है और वहाँ बीज मिट्टी में नहीं दबते--वे ऊपर सतह पर ही रह जाते हैं और कुचले, फेंक दिए या इधर-उधर कर दिए जाते हैं।)

"पत्थर जैसे लोग" कुछ बातों के बारे में बहुत ही जल्दी उत्साह में आ जाते हैं, परन्तु उनका उत्साह अधिक समय तक नहीं रहता। वे परमेश्वर और आत्मिक बातों को बारे में वास्तव में यह जाने बिना ही उत्साह में आ जाते हैं, कि वे उत्साहित क्यों हैं या वे किस बारे में उत्साहित हैं। वे जड़ नहीं पकड़ पाते, पाप के प्रति उन्हें दुख नहीं होता, और उनमें परमेश्वर के पीछे चलने की अधिक इच्छा भी नहीं होती। परमेश्वर के प्रति उनमें समर्पण नहीं होता--वे कुछ भी त्यागने या परमेश्वर के लिए दुख उठाने के इच्छुक नहीं होते (लूका 8:13)।

पत्थर जैसे लोग परमेश्वर के साथ किसी "नई चीज़" जैसा व्यवहार करते हैं--जैसे (किसी सनकी का नाम बताएँ) वे इस (सनकी) के समान उत्साह में होते हैं और कुछ समय पश्चात वे इसकी परवाह नहीं करते, वे परमेश्वर से पहले के जैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। पहले-पहल तो वे परमेश्वर के प्रति उत्साहित होते हैं, परन्तु बाद में वे उसकी परवाह नहीं करते।

आप क्या सोचते हैं कि "कांटो वाले लोग" कौन हैं ? (उत्तर अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु इस बात का निश्चय कर लें कि निम्नलिखित बातें पूरी हों।)

- "कांटों जैसे लोग" वे लोग हैं, जो परमेश्वर के बारे में सुनते हैं, परन्तु वे परमेश्वर के राज्य को एक ख़जाने के रूप नहीं देखते हैं।
- वे अभी भी इसी संसार से प्रेम करते हैं और इसे एक संसार के रूप में देखते हैं। वे धन और सम्पत्ति (एक अच्छी बाईक या कार, एक बड़ा घर, अच्छे कपड़े इत्यादि।) से प्रेम करते हैं; वे आनन्द और मौज-मस्ती, विशेष होने, अच्छी तरह से जीने और आराम से रहने से प्रेम करते हैं।
- इस संसार की चीज़ें किसी भी आत्मिक रुचि को दबा देती है, क्योंकि उनके लिए इस संसार की चीज़ें अधिक महत्त्वपूर्ण हैं (लूका 8:14)।

❓ आप क्या सोचते हैं कि "अच्छी भूमि जैसे लोग" कौन हैं ? (वे जो परमेश्वर के वचन को सुनते और परमेश्वर से प्रेम करते हैं)

अच्छी भूमि जैसे लोग उन लोगों को दर्शाते हैं, जिनका हृदय भला है--एक ऐसा हृदय जो आत्मिक बातों में रुचि रखता है, जो पाप से दुखी होता है और सही कार्य करना चाहता है और परमेश्वर के पीछे चलना और उसका आज्ञापालन करना चाहता है। वे परमेश्वर के राज्य को एक ख़जाने के रूप में देखते हैं (लूका 8:15)।

## निष्कर्ष

प्रिय बच्चो आप अपने बारे में क्या सोचते हैं ? क्या आप एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो एक अच्छी भूमि की तरह परमेश्वर के वचन को स्वीकार करते हैं ?

वर्कबुक टाईमः अपने बच्चों को वर्कबुक में "बीज बोने वाले के दृष्टान्त" की उपयुक्त तस्वीरें बनाने में सहायता करें

समाप्ति की एक प्रार्थना अवश्य करें।

Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# बीज बोने वाले का दृष्टान्त

[redacted]

पत्थर



काँटे



अच्छी भूमि



ऊपर वाले प्रत्येक डिब्बे में एक तस्वीर बनाएँ, जो विभिन्न स्थानों को दर्शाती है, जहाँ बीज बोने वाले के दृष्टान्त के बीज गिरे थे।


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# राज्य का उत्सव मनाना

## मुख्य विचार

- परमेश्वर पश्चाताप करने वाले पापियों का बहुत अधिक आनन्द और उत्सव मनाने के साथ स्वागत करता है।
- परमेश्वर असिद्ध लोगों का अपने राज्य में स्वागत करता है।

## कण्ठस्थ करने के लिए पर

"जो कुछ पिता मुझे देता है वह सब मेरे पास आएगा, और जो कोई मेरे पास आएगा, उसे मैं कभी न निकालूंगा।"

– यूहन्ना 6:37

## पवित्रशास्त्र

1) लूका 15:11–24

## पाठ्यक्रम के स्रोत

- दृष्टान्त आलेख (स्क्रिप्ट)
- उड़ाऊ पुत्र 1–5
- पाठ 3 के लिए विश्वास में एकसाथ बढ़ना (प्रत्येक बच्चे के लिए एक)

## अन्य सामग्री

- बाइबल
- पार्टी की चीज़ों का एक डिब्बा (जैसे कि गुब्बारे, पार्टी की टोपी, रिबन, पार्टी की प्लेट्स और कप्स, आवाज़ निकालने वाले खिलौने, कैण्डियाँ
- एक बढ़िया पीला केला और एक काला केला (केलों को फ्रिज़र में रख कर काला किया जा सकता है।)

## वैकल्पिक गतिविधियों के लिए सामग्री

1. उड़ाऊ पुत्र की भूमिका
   - किसी सामग्री की आवश्यकता नहीं
2. उत्सव मनाने और प्रसन्न रहने की शीटें प्रत्येक बच्चे के लिए
   - उत्सव मनाने और प्रसन्न रहने की शीटें (0ए–3ए)
   - स्टिकर्स, स्टैंप मार्कर्स/और एक ग्लिटर ग्लू
3. पार्टी में खाने पीने का समय
   - पार्टी की टोपियों और प्लेटों को सजाने की सामग्री और पार्टी के लिए अन्य सजावट का सामान और एक स्नैक (जैसे कि बनाना ब्रैड)
4. उड़ाऊ पुत्र गेम प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - उड़ाऊ पुत्र गेम शीट्स (0ए–3बी और 0ए–3सी)
   - वैकल्पिकः कोई छोटा ईनाम (जैसे कि एक छोटी कैण्डी
5. परमेश्वर के लिए पत्र प्रत्येक बच्चे के लिए
   - परमेश्वर के लिए पत्र 0ए–3डी
   - पेंसिल या पेन
6. कण्ठस्थ करने के लिए पद आपको प्रत्येक बच्चे के लिए निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता होगी
   - कण्ठस्थ करने के लिए पद की शीट (0ए–3ई, प्रत्येक बच्चे के लिए एक)
   - क्रायोन्स/मार्कर्स
7. छिपी हुई वस्तुएँ मोबाइल
   - निर्देशों के लिए परिशिष्ट देखें।
8. कण्ठस्थ करने के लिए पद की गेम
   - विचारों के लिए परिशिष्ट देखें।

## तैयारी

- सावधानीपूर्वक और प्रार्थना के साथ पवित्रशास्त्र के अंश का अध्ययन करें। परमेश्वर से उसे आपके हृदय में वास्तविक करने के लिए कहें। जो कुछ परमेश्वर आपको इस पाठ में सिखाता है, उसे खुलकर स्वीकार करें। पाठ का अच्छी रीति से अध्ययन करें। आपकी कक्षा के बच्चों के लिए प्रार्थना करें।
- इस पाठ के विचार पर बल देने के लिए बच्चों का उत्साह और उत्सव मनाने के साथ स्वागत करने को निश्चित कर लें।
- यद्यपि उड़ाऊ पुत्र के दृष्टान्त को बताने के लिए दृश्य सामग्रियाँ उपलब्ध हैं, परन्तु यह कहानी कठपुतलियों या दृष्टान्त अभिलेख से भूमिका निभाने के द्वारा भी बताई जा सकती है।

Things Hidden © 2016 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

## बड़े समूह (लार्ज ग्रुप) का पाठ

समीक्षा

- परमेश्वर का राज्य एक ख़जाना है। यह हमारे पास किसी भी वस्तु से अधिक कीमती है।
- कुछ लोग परमेश्वर को एक ख़ज़ाने के रूप में देखते हैं और कुछ लोग नहीं। मात्र सही हृदय वाले लोग आत्मिक चीज़ों को समझ और परमेश्वर को एक ख़ज़ाने के रूप में देख सकते हैं।

**परिचय**

बाइबल में यीशु हमें एक आनन्द से भरी पार्टी के विषय में बताता है।

(बच्चों को अपनी बाइबल में लूका 15:11-24 खोजने के लिए कहें। आप इसे सोर्ड ड्रिल के रूप में भी करवा सकते हैं। निर्देशों के लिए परिशिष्ट देखें। यदि आप उन बच्चों को सिखा रहे हैं, जो पढ़ सकते हैं, तो वे बारी-बारी से भी पढ़ सकते हैं। बच्चों से दृष्टान्त के विषय में बात करने के लिए कुछ मुख्य बिन्दुओं पर ठहर जाएँ।)



(उड़ाऊ पुत्र दृश्य 1 को दिखाएँ।)

छोटा पुत्र अपने पिता से क्या करवाना चाहता था? क्या पिता को उसे पैसा देना चाहिए था? (आप व्याख्या कर सकते हैं कि एक मीरास वह धन-सम्पत्ति है, जो आपको माता या पिता के देहान्त के पश्चात प्राप्त होती है। उस पिता का अभी देहान्त नहीं हुआ था। और मीरास प्रदान की जाती है, माँगी नहीं जाती।)

**(लूका 15:13)**

क्या छोटे पुत्र को पैसा चाहिए था? आप क्यों सोचते हैं कि युवा पुत्र ने घर को क्यों छोड़ा? क्या युवा पुत्र ने पैसे का प्रयोग बुद्धि के साथ किया? (आप व्याख्या कर सकते हैं कि "धन-सम्पत्ति को उड़ा देने" का अर्थ उसे बर्बाद कर देना होता है।)

क्या छोटे पुत्र ने सही और भली बातें की थीं? क्या आप सोचते हैं कि जिस प्रकार से पुत्र जीवन जी रहा था, पिता उससे प्रसन्न था? क्यों? क्या वह पुत्र परमेश्वर के राज्य को या इस संसार के राज्य को संजो कर रख रहा था?

**(लूका 15:14-16)**



(उड़ाऊ पुत्र दृश्य 2 को दिखाएँ।)

**(लूका 15:17-19)**

उस पुत्र को "आपने आपे में" में क्या ले कर आया? उसे क्या समझ में आया? क्या आप कह सकते हैं कि वह पुत्र उन बातों को देख रहा था, जो वह पहले नहीं देख सका था? पहले वह अपने पिता, अपने पिता के घर या अपने पिता की देखभाल का मूल्य नहीं जानता था। वह सोचता था कि उसके पिता के घर से बाहर का संसार अधिक उत्तम था। क्या यह उत्तम था?

उस पुत्र ने क्या करने का निर्णय किया? क्या वह वापिस लौटने और एक पुत्र के समान व्यवहार करने के योग्य था? वह किस प्रकार के व्यवहार के योग्य था? उस पुत्र के घर छोड़ कर जाने के व्यवहार से इस समय का व्यवहार किस प्रकार भिन्न था? आप क्या सोचते हैं कि उस पुत्र को उस बारे में कैसा अनुभव हुआ जो उसने किया था?


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.



(उड़ाऊ पुत्र दृश्य 3 को दिखाएँ।)

**(लूका 15:22)**बाइबल के समय में दास सैण्डल नहीं पहनते थे। “अच्छा वस्त्र” एक व्यक्ति के सम्मान के लिए प्रयोग किया जाता था और अंगूठी अधिकार को दर्शाती थी। एक पला हुआ बछड़ा मात्र किसी विशेष अवसर पर ही खाया जाता था। इन चीज़ों को अर्पित करने के द्वारा पिता क्या कह रहा था?

**(लूका 15:23-24)**

पिता पुत्र के लिए क्या करना चाहता था? क्या वह पुत्र एक पार्टी के द्वारा स्वागत किए जाने के योग्य था? क्या वह एक पुत्र जैसा व्यवहार किए जाने के योग्य था? क्यों नहीं? वह पिता उस पुत्र के लिए पार्टी क्यों देता है? वह पिता उस लड़के के साथ एक दास के समान व्यवहार न करके अपने पुत्र जैसा व्यवहार करना जारी क्यों रखता है? यह आपको उस पिता के बारे में क्या बताता है?

क्या पुत्र को तब तक इन्तजार करना पड़ा जब तक उसने उतना पैसा नहीं कमा लिया, जो उसने उड़ा दिया था या इससे पहले कि वह घर लौटता, उसके जीवन में सबकुछ सही नहीं हो गया? वह पुत्र एक “अच्छा लड़का” नहीं रहा था, फिर भी उसके पिता ने सब बातें सही हो जाने तक अपने पुत्र का स्वागत करने के लिए इन्तज़ार नहीं किया।

## उदाहरण

दो केले

(दो केले दिखाएँ)

आप कौन सा केला चुनेंगे? क्यों?

परमेश्वर हमारे समान नहीं है। वह बुरा चुनने और उसे भले में बदल देने के द्वारा दर्शाना चाहता है कि वह कितना महान है। परमेश्वर अप्रिय लोगों का चुनाव करता है और उन्हें प्रिय लोग बना देता है--जैसे कि एक अच्छा खाना पकाने वाला इस पुराने, काले केले को चुनेगा और इसे बनाना ब्रैड में बदल देगा।

जब परमेश्वर भागे हुए पुत्रों का अपने राज्य में स्वागत करता है, वह पुत्रों के रूप में उनका स्वागत करता है, न कि दासों के रूप में। वह उन्हें एक नया जीवन प्रदान करता है। जब लोग उसके राज्य की खोज करते हैं, तो वह उत्सव मनाता है।

## निष्कर्ष

प्रिय बच्चो, आप अभी कहाँ खड़े हैं? क्या आप पश्चाताप करने वाले पुत्र हैं या एक उड़ाऊ पुत्र हैं? यदि आप यीशु की सन्तान बनना चाहते हैं, तो आप उसे अपने व्यक्गित उद्धारकर्ता के रूप में अभी स्वीकार कर सकते हैं।

वर्कबुक का समयः अपने बच्चों को वर्कबुक “उत्सव मनाएँ और प्रसन्न रहें” में उस पुत्र की तस्वीर बनाने में सहायता करें, जो भटक गया था, और वह पुत्र जो मिल गया था।

समाप्ति की प्रार्थना अवश्य करें।

Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# उत्सव मनाएँ और प्रसन्न रहें!

वह पुत्र जो भटक गया था...





...मिल गया है!

तस्वीरों में रंग भरें


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# राज्य की छँटाई

## मुख्य विचार

- परमेश्वर धर्मी और अधर्मियों की छँटाई करेगा
- अधर्मी नरक में फेंके जाएँगे; और धर्मी स्वर्ग में जाएँगे
- परमेश्वर मनुष्य के हृदय को देखता है और मनुष्य के हृदय की स्थिति के अनुसार उस मनुष्य का न्याय करता है।

## कण्ठस्थ करने के लिए पद

“क्योंकि यहोवा का देखना मनुष्य का सा नहीं है; मनुष्य तो बाहर का रूप देखता है, परन्तु यहोवा की दृष्टि मन पर रहती है।”

– 1 शमूएल 16:7ब

## पवित्रशास्त्र

1) मत्ती 13:24–30
2) मत्ती 13:37–43
3) मत्ती13:47–50
4) 1शमूएल 16:1–13

## पाठ्यक्रम के स्रोत

- जंगली बीज का दृष्टान्त 1–7
- पाठ 4 के लिए विश्वास में एकसाथ बढ़ना (प्रत्येक बच्चे के लिए एक)

## अन्य सामग्री

- बाइबल
- छाँटने के लिए जुराबें या अन्य चीज़ें (जैसे कि बटन, जूते)
- गर्मी के कपड़ों का डिब्बा
- दो डिब्बे और उनमें डालने के लिए दो चीज़ें––एक थोड़ी अच्छी और दूसरी उससे थोड़ी सस्ती

## वैकल्पिक गतिविधियों के लिए सामग्री

1. अच्छे पौधे और जंगली पौधे
   - मिट्टी भरे हुए कागज़ के कप और बीज (प्रत्येक बच्चे के लिए)
   - पानी से भरा हुआ पानी देने वाला डिब्बा
2. बच्चों की छँटाई करना
   - किसी सामग्री की आवश्यकता नहीं
3. मछली पकड़ने वाली गेम
   - चॉक
4. छाँटने के लिए चीज़ें
   - एक रंग के बटन और अनेक रंगों के बटन (मात्रा के लिए निर्देश देखें)
5. मछली पकड़ना
   - मछली वाली शीट (0ए–4ए, मात्रा कक्षा की आकार के अनुसार)
   - मछली पकड़ने की छड़ी और उसकी डोरी के पीछे एक चुम्बक (प्रत्येक बच्चे के लिए)
   - पेपर क्लिप्स (प्रत्येक मछली के लिए)
6. टोकरी और मछली वाली शीट
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - टोकरी और मछली वाली शीट 1–2 (0ए–4बी और 0ए–4सी)
   - कैंचियाँ
   - मार्कर्स/क्रायोन्स
7. हृदय के भीतर क्या है
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - हृदय (0ए–4डी)
   - 1 शमूएल 16:7बी (0ए–4ई)
   - कैंचियाँ
   - टेप
8. कण्ठस्थ करने के लिए पद
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - कण्ठस्थ करने वाले पद की शीट (0ए–3एफ)
   - क्रायोन्स/मार्कर्स
9. छिपी हुई चीज़ें मोबाइल
   - निर्देशों के लिए परिशिष्ट देखें।
10. कण्ठस्थ करने वाले पद की गेम
    - विचारों के लिए परिशिष्ट देखें।

## तैयारी

सावधानीपूर्वक और प्रार्थना के साथ पवित्रशास्त्र के अंश का अध्ययन करें। परमेश्वर से उसे आपके हृदय में वास्तविक करने के लिए कहें। जो कुछ परमेश्वर आपको इस पाठ में सिखाता है, उसे खुलकर स्वीकार करें। पाठ का अच्छी रीति से अध्ययन करें। आपकी कक्षा के बच्चों के लिए प्रार्थना करें।

Things Hidden © 2016 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

## बड़े समूह (लार्ज ग्रुप) का पाठ

### समीक्षा

- रमेश्वर का राज्य एक ख़जाना है। यह हमारे पास किसी भी वस्तु से अधिक कीमती है।
- कुछ लोग परमेश्वर को एक ख़जाने के रूप में देखते हैं और कुछ लोग नहीं। मात्र सही हृदय वाले लोग आत्मिक चीज़ों को समझ और परमेश्वर को एक ख़जाने के रूप में देख सकते हैं।
- जब कोई व्यक्ति परमेश्वर का एक ख़ज़ाने के रूप में पहचान लेता है, तो स्वर्ग में बड़ा आनन्द मनाया जाता है। उड़ाऊ पुत्र अपने पिता के पास लौट आया, यह सबसे बड़ा ख़जाना था।। वह मीरास सबसे बड़ा ख़जाना नहीं थी; अपने पिता के साथ रहना सबसे बड़ा ख़जाना था।

### परिचय

छाँटने के लिए जुराबें या अन्य चीज़ें

(छाँटने के लिए जुराबें या अन्य चीज़ें दिखाएँ और बच्चों से पूछें की इनकी छँटाई कैसे की जा सकती है। चीज़ों को छाँटने की भिन्न-भिन्न विधियाँ खोजने का प्रयत्न करें। एक-एक बच्चे को चीज़ों की छँटाई करने के लिए कहें, जैसे चीज़ों को छाँटने की नीचे सलाह दी गई है।)

- कितने प्रकार की जुराबें
- कितने रंग
- किस प्रकार के कपड़े की जुराबें
- अच्छी या बुरी जुराबें
- प्लेन या कुछ छपी हुई जुराबें

परमेश्वर भी एक प्रकार की छँटाई करता है। बाइबल हमें उस छँटाई के बारे में बताती है जो परमेश्वर एक दृष्टान्त में करता है। हम जानते हैं कि बाइबल के दृष्टान्त छिपे हुए आत्मिक अर्थ वाली कहानियाँ हैं, तो जब हम इस दृष्टान्त का अध्ययन करते हैं, तो छिपे हुए अर्थ को खोजें।

निम्नलिखित तरीकों में से एक तरीके से एकसाथ मिलकर मत्ती 13:24-30 पढ़ेंः शिक्षक दृष्टान्त को पढ़े; प्रत्येक बच्चा बारी-बारी से एक पद पढ़े; एक बच्चा दृष्टान्त को बोलने और कुछ और बच्चे दृष्टान्त की भूमिका निभाने के लिए चुनें। इसकी बहुत पहले से तैयारी की जा सकती है या आप इसे उसी समय भी कर सकते हैं।

**(मत्ती 13:24-30)**

हमें इस दृष्टान्त के छिपे हुए अर्थ की कल्पना करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि बाइबल हमें बताती है कि इस दृष्टान्त का अर्थ क्या है (मत्ती 13:37-43), परन्तु आइए देखें कि क्या आप इसे खोज सकते हैं।







(यदि बच्चे आत्मिक अर्थ को न खोज पाएँ, तो उन्हें मत्ती 13:37-43 में जाने के लिए कहें। जंगली बीज के दृष्टान्त के 1-7 दृश्यों को टेप से चिपकाएँ या किसी बच्चे को इन्हें चिपकाने के लिए कहें, जिनमें दृष्टान्त के प्रत्येक हिस्से को दर्शाया गया है।


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.




? वह व्यक्ति कौन है जो अच्छे बीज बोता है? (यीशु) (मत्ती 13:37)

? शत्रु कौन है? (शैतान या वह दुष्ट) (मत्ती 13:39)




? खेत कहाँ है? (संसार) (मत्ती 13:38)




? अच्छे बीज कौन हैं? (राज्य की सन्तान, वे जो यीशु पर विश्वास करते हैं; मसीही) (मत्ती 13:38)

? जंगली बीज कौन हैं? (उस दुष्ट की सन्तान; वे जो यीशु पर विश्वास नहीं करते; वे जो परमेश्वर के विरुद्ध विद्रोह करते हैं; गैरमसीही) (मत्ती 13:38)




? कटनी कब है? (युग का अन्त; जगत का अन्त) (मत्ती 13:39)




? काटने वाले कौन हैं--वे जो गेहूँ को खत्तों में एकत्र करते हैं और जंगली पौधों को जला देते हैं? (स्वर्गदूत) (मत्ती 13:39)

फिर बाइबल हमें सही-सही बताती है कि यह दृष्टान्त किस बात के विषय में है (मत्ती 13:40-43):

- परमेश्वर के लोग और वे लोग जो परमेश्वर और उसके राज्य को एक ख़जाने के रूप में नहीं देखते हैं, वे जो परमेश्वर की परवाह नहीं करते या उसपर विश्वास नहीं करते; पृथ्वी पर एकसाथ रह रहे हैं।

## उदाहरण

दो डिब्बे

(दो डिब्बे दिखाएँ)

प्रत्येक डिब्बे के भीतर कुछ है। यदि आपको एक डिब्बे को चुनने के लिए कहा जाए, तो आप कैसे जानेंगे कि आप किसे चुनें? (हमें जानना होगा कि उस डिब्बे में क्या है)

आप तब तक एक अच्छा चुनाव नहीं कर सकते, जब तक आप देख न लें कि उस डिब्बे के भीतर क्या है।

## निष्कर्ष

प्रिय बच्चो परमेश्वर लोगों के हृदयों को देखने के द्वारा उनकी छँटाई करेगा। परमेश्वर छिपी हुई चीज़ों को देखता है, और हरएक बात जो परमेश्वर करता है, वह सही होती है। वह छँटाई में कोई गलती नहीं करता है। अतः हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है, कि हम किस बात को संजो कर रखते हैं। क्या हम परमेश्वर से प्रेम करते और हमारे लिए उसे सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं?

वर्कबुक का समयः आपके बच्चों को वर्कबुक में मछलियों में रंग भरने और उनकी पसंदीदा मछली पर निशान लगाने में सहायता करें।

समाप्ति की प्रार्थना अवश्य करें।

Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.



सभी मछलियों में रंग भरें और फिर आपकी पसंदीदा मछलियों पर निशान लगाएँ


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# खोए हुओं को खोजना और बचाना

मुख्य विचार

- हम तब तक परमेश्वर को खोज या उसे संजो कर नहीं रख सकते, जब तक वह हमारी सहायता न करे।
- प्रत्येक व्यक्ति परमेश्वर से फिर गया है।
- परमेश्वर उन लोगों को खोजता है, जिनका उससे सम्बन्ध है।

कण्ठस्थ करने के लिए पर

"क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूँढ़ने और उनका उद्धार करने आया है।"

– लूका 19:10

पवित्रशास्त्र

1) लूका 15:3-7

2) लूका 15:8-10

**पाठ्यक्रम के स्रोत**

- चरवाहा
- पाठ 5 के लिए विश्वास में एकसाथ बढ़ना
- पूरा करने का प्रमाणपत्र (इस पाठ के लिए गिफ़्ट पेज के साथ पैक किया हुआ, प्रत्येक बच्चे के लिए)

**अन्य सामग्री**

- बाइबल
- आँखों पर बाँधने के लिए एक कपड़ा
- कागज़ का टुकड़ा
- कागज़ के नोट (सबसे बड़ा नोट चुनें)
- जवाहरात या आभूषण (पाठ 1 से)
- वैकल्पिकः बाइबल स्टोरीबुक या प्रत्येक बच्चे के लिए एक उपहार के रूप में एक नया नियम)

**वैकल्पिक गतिविधियों के लिए सामग्री**

1. मेरे साथ आनन्द मनाएँ
   प्रत्येक बच्चे के लिए
   - मेरे साथ आनन्द मनाएँ शीट (0ए-5ए)
   - पेन्सिल/पेन
2. भेड़ों को खोजें
   - भेड़ों का नमूना (0ए-5बी)
   - भेड़ और भेड़िए की शीट (0ए-5सी)
   - कैण्डी के छोटे टुकड़े
   - टेप
   - टोकरी या डिब्बा
   - सिक्के
3. कण्ठस्थ करने के लिए पद
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - कण्ठस्थ करने वाले पद की शीट (0ए-5डी)
   - मार्कर्स/क्रायोन्स
4. छिपी हुई चीज़ें मोबाइल
   - निर्देशों के लिए परिशिष्ट देखें
5. दृष्टान्त का नाटक
   - किसी सामग्री की आवश्यकता नहीं
6. छिपी हुई चीज़ों की समीक्षा की शीट
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - छिपी हुई चीज़ों की समीक्षा (0ए-5ई)
   - पेन्सिल/पेन
7. शीपकूकीज़ को सजाएँ
   प्रत्येक बच्चे के लिएः
   - भेड़ों के आकार की कूकीज़
   - आइसिंग
   - चॉकलेट सप्रिंकलर, नारियल इत्यादि
8. माता-पिता के लिए कार्यक्रम
   - विभिन्न दृष्टान्तों के लिए नाटक करने के लिए बच्चों के लिए वेशभूषा
   - खानपान की सामग्री
9. कण्ठस्थ करने वाले पद की गेम
   - विचारों के लिए परिशिष्ट देखें

**तैयारी**

सावधानीपूर्वक और प्रार्थना के साथ पवित्रशास्त्र के अंश का अध्ययन करें। परमेश्वर से उसे आपके हृदय में वास्तविक करने के लिए कहें। जो कुछ परमेश्वर आपको इस पाठ में सिखाता है, उसे खुलकर स्वीकार करें। पाठ का अच्छी रीति से अध्ययन करें। आपकी कक्षा के बच्चों के लिए प्रार्थना करें।

ध्यान देंः क्योंकि यह अन्तिम पाठ है, बच्चों को बाइबल स्टोरीबुक, एक नया नियम या पवित्रशास्त्र का एक हिस्सा इत्यादि देना अच्छा होगा, ताकि आत्मिक भूख या रुचि रखने वालों का पोषण किया जा सके।

Things Hidden © 2016 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

## बड़े समूह (लार्ज ग्रुप) का पाठ

### समीक्षा

- परमेश्वर का राज्य एक ख़जाना है। यह हमारे पास किसी भी वस्तु से अधिक कीमती है।
- कुछ लोग परमेश्वर को एक ख़जाने के रूप में देखते हैं और कुछ लोग नहीं। मात्र सही हृदय वाले लोग आत्मिक चीज़ों को समझ और परमेश्वर को एक ख़जाने के रूप में देख सकते हैं।
- जब कोई व्यक्ति परमेश्वर का एक ख़ज़ाने के रूप में पहचान लेता है, तो स्वर्ग में बड़ा आनन्द मनाया जाता है। उड़ाऊ पुत्र अपने पिता के पास लौट आया, यह सबसे बड़ा ख़जाना था।। वह मीरास सबसे बड़ा ख़जाना नहीं थी; अपने पिता के साथ रहना सबसे बड़ा ख़जाना था।
- किसी दिन एक बड़ी छँटाई होगी, जो उन लोगों को, जो परमेश्वर को संजो कर रखते हैं, उन लोगों से, जो ऐसा नहीं करते हैं, अलग करेगी। परमेश्वर जानता है कि लोगों की छँटाई कैसे करनी है, क्योंकि परमेश्वर उनके हृदयों को देखता है।

### परिचय

आँखों पर कपड़ा बाँधना

(एक बच्चे को सामने बुलाएँ और उसकी आँखों पर कपड़ा बाँध दें।)

मैं आपको गोल-गोल घूमाने वाला हूँ और फिर मैं चाहता हूँ कि आप मुझे खोजने का प्रयत्न करें। (यदि वह बच्चा निकट आता है, तो चुपचाप उससे दूर चले जाएँ, ताकि आप पकड़े न जा सकें, जब तक यह पक्का न हो जाए कि वह आपको खोजने में असमर्थ है। फिर बच्चे को खोजने से मना कर दें, परन्तु उसकी आँखों पर कपड़ा बन्धे रहने दें।)

मुझे खोजने के लिए आपको क्या करना पड़ेगा? (मुझे मेरी आँखों पर बन्धे कपड़े को हटाना होगा।) आपकी आँखों पर कपड़े के बन्धे हुए ही वह कौन सी चीज़ होगी, जो आपको मुझे खोजना आसान कर देगी। (बच्चे को यह समझाएँ कि आपको खोज लेने के लिए उसे आपकी सहायता की आवश्यकता है।)

बच्चो, वे कौन से तरीके हैं, जिससे मैं (बच्चे का नाम) को मुझे खोजने में सहायता कर सकता हूँ? (उत्तर अलग-अलग होंगे, जैसे कि कुछ नीचे लिखे गए हैं।)

- आप उसे बुला सकते हैं और आपकी आवाज़ को सुनकर वह आप तक पहुँच सकता है।
- आप उसे दिशानिर्देश दे कर बता सकते हैं कि उसे आपको कैसे खोजना है, जैसे कि ("ठण्डा कहने के द्वारा संकेत देना") कि वह ज्यादा आगे चला गया है या ("गर्म" कहने के द्वारा संकेत देना") कि वह निकट आ गया है।
- आप स्वयं जा कर उसे आपको खोजने में सहायता कर सकते हैं।

आप सभी लोग आँखों पर बन्धे बच्चे के समान हैं। हम तब तक परमेश्वर को खोज नहीं सकते, जब तक वह स्वयं हमारी सहायता न करे। हम उसकी महानता और उसकी योग्यता के प्रति दृष्टिहीन हैं। हम उसे एक ख़जाने के रूप में नहीं देख सकते, जब तक वह उसे देखने में हमारी सहायता न करे।

क्या परमेश्वर हम से दूर चला जाता है? या वे हमारी खोज करता है--क्या वह हमें पुकारता और हमें मिल जाता है? यीशु ने एक दृष्टान्त बताया, जो हमें इस प्रश्न का उत्तर देता है।

(यदि उपयुक्त हो तो लूका 15:3-7 खोजने के लिए सोर्ड ड्रिल का प्रयोग करें। सोर्ड ड्रिल के निर्देश परिशिष्ट में देखें। बच्चों को बारी-बारी से निम्नलिखित पदों को एक-एक बच्चा करके पढ़ने दें।)

**(लूका 15:3-7)**


Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

- भेड़ बहुत ही मूर्ख पशु होती हैं। वे बहुत ही आसानी से खो जाती हैं और उन्हें दिशा का कोई ज्ञान नहीं होता है, अतः जब वे खो जाती हैं, तो वे वापिस अपनी जगह पर पहुँचने का मार्ग नहीं खोज सकती हैं।
- जब एक भेड़ खो जाती है, एक चरवाहा––वह व्यक्ति जो भेड़ों की देखभाल करता है––जाता है और उन्हें खोजता है।

## उदाहरण

कागज़ का टुकड़ा और कागज़ के नोट

आइए देखें वह चरवाहा ऐसा क्यों करता है ?

(कागज़ के टुकड़े को ऊपर उठा कर पकड़ लें।)

यदि आप इसे खो दें, क्या आप इसे खोजेंगे ? क्या आप इसे खोजने के लिए घर में उथल–पुथल मचा देंगे ? क्या आप इसे तब तक खोजते रहेंगे, जब तक आप इसे प्राप्त न कर लें ? क्यों ?

इस कागज़ के टुकड़े के बारे में आप क्या कहेंगे ?

(कागज़ के नोट को ऊपर उठा कर पकड़ लें।)

क्यों ? (क्योंकि आप इसे अधिक कीमती मानते हैं; यह आपके लिए अधिक महत्वपूर्ण है।)

चरवाहा अपनी खोई हुई भेड़ को खोजता है, जैसे आप इस नोट को खोजेंगे। चरवाहा इसे अनदेखा नहीं करता और न ही अपनी भेड़ को भूल जाता है, क्योंकि चरवाहा अपनी भेड़ की चिन्ता करता है; वे उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

- जब वह अपनी खोई हुई भेड़ को प्राप्त कर लेता है, तो वह चरवाहा वास्तव में प्रसन्न हो जाता है। आइए इस दृष्टान्त का “छिपा हुआ अर्थ” खोजें।

? चरवाहा कौन है ? (परमेश्वर)

? खोई हुई भेड़ कौन है ? (एक व्यक्ति, जिसकी परमेश्वर अपने राज्य में आने की राह देखता या खोज करता है।)



## निष्कर्ष

प्रिय बच्चो इस दृष्टान्त में हम खोई हुई भेड़ के समान हैं, जो चरवाहे––परमेश्वर––से भटक गई है। एकमात्र आशा जो हमारे पास है वह यह है कि परमेश्वर एक खोजने वाला परमेश्वर है। वह पुकारता और उनकी खोज करता है, जिनका उससे सम्बन्ध है। वह उन्हें उससे भटके रहने नहीं देता और उनकी खोज करने से इन्कार नहीं करता। वह यह निर्णय नहीं करता कि उसके लोग खोज किए जाने के योग्य नहीं नहीं हैं। वह जाता और प्रत्येक को खोज लेता है, जिनका सम्बन्ध उसके राज्य से है, क्योंकि वह अपने लोगों से प्रेम करता है।

(कण्ठस्थ किए जाने वाले पद को पढ़ने और प्रार्थना किए जाने के साथ समाप्त करें।)

**लूका 19:10––“क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूँढ़ने और उनका उद्धार करने आया है।”**

वर्कबुक का समयः अपने बच्चों को वर्कबुक में “मुझे मेरी भेड़ मिल गई है” में तस्वीर में रंग भरने में सहायता करें।

समाप्ति की प्रार्थना अवश्य करें।

Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.

# मेरे साथ आनन्द मनाओ!

मुझे मेरी भेड़ मिल गई है--लूका 15:6



उस चरवाहे की तस्वीर में रंग भरो, जिसे अपनी खोई हुई भेड़ मिल गई है।



Things Hidden © 2018 Next Generation Resources, Inc. Illustrations Truth78.